स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत का आधार है। स्वस्थ भारत का निर्माण शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ नागरिकों से होगा। इसी उद्देश्य के लिये गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय स्वास्थ्य जागरूकता के इस अभियान को संचालित कर रहा है।

उक्त बातें गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी एवं गोरखपुर के **सांसद योगी आदित्यनाथ जी** ने पटेल स्मारक इण्टर कालेज, भटहट में गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय तथा महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 114वां स्वास्थ्य मेला उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त कियें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा जनता का मौलिक अधिकार होना चाहिये। किसी भी कल्याणकारी सरकार का यह नैतिक दायित्व है। लेकिन यह दुःखद स्थिति है कि शासन आज अपने उत्तरदायित्व से पूरी तरह विरत हो चुका है। यही कारण है कि आजादी के 66 वर्षो के बाद भी एक बड़ी आबादी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है और लाखों लोग स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में असमय काल के गाल में समा जाते है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आम जनमानस को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिये सन् 2003 में गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की स्थापना गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के आर्शिवाद से हुआ। सही, सस्ती एवं विश्सनीय चिकित्सीय सेवा के लिये पिछले 10 वर्षो से गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय निरन्तर प्रयत्नशील है।

स्वास्थ्य मेला की प्रस्तावना रखते हुये गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सी.एम.सिन्हा ने बताया कि अबतक चिकित्सालय का यह 114वॉं स्वास्थ्य मेला एवं नेत्र शिविर आयोजित कर चुका है। चिकित्सालय स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से तीन लाख से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा चुका है। 5 हजार से अधिक मोतियाबिन्द के लेंस प्रत्यारोपण के आपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुये है।

इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जर्नादन तिवारी एवं केन युनियन पिपराइच के चेयरमैन श्री राधेश्याम सिंह, गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह तथा पटेल स्मारक इण्टर कालेज भटहट के प्रधानाचार्य निकेत शाही ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

आज के स्वास्थ्य मेला में 2500 मरीजों की जांच हुई एवं उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य मेला में गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय एवं महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. आशीष गोयल, डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डॉ. दीपक खेतान, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. शशांक ओझा, डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डॉ. शशांक कुमार, डॉ. संतोष तिवारी, डॉ. एस.के.सिंह, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. निधि खेतान, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. संतोष शंकर रे, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ. एस.पी.सरीन, डॉ. डी.पी.सिंह, डॉ ए.एन.मिश्रा, डॉ. अश्वनी सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नवीन निश्चल, डॉ. राजीव गुप्ता आदि के साथ–साथ चिकित्सालय के पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया। व्यवस्था बनाने में भारतीय जनता पार्टी, हिन्दु युवा वाहिनी एवं पटेल स्मारक इण्टर कालेज के स्काउट गाइड के स्वंय सेवकों ने बड़ी तन्मयता से सहयोग किया।